नकदी लूटी, मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। पाटिया थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पीडित के साथ मारपीट कर नकदी लूटने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित अरविन्द्र कुमार पुत्र राजमीणा निवासी कुवेडियाने पाटिया पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया।

सीएमएचओ ने किया चिकित्सा संस्थानों का औचक निरीक्षण

राजसमंद, (निसं)। सीएमएचओ डॉ. हेमन्त कुमार बिन्दल ने शहरी आरोग्य मंदिर मण्डा, सिटी डिस्पेंसरी, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, ब्लॉक देलवाडा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सालोर, खमनोर ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उठारडा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खमनोर का औचक निरीक्षण किया तथा चिकित्सा अधिकारीयां, नर्सिंग अधिकारीयों के साथ विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों एवं विभागीय जनकल्याणकारी योंजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा की।

उन्होंने शहरी आयुष्मान केन्द्र मण्डा एवं सिटी डिस्पेंसरी में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन किया तथा वहां कार्यरत स्टॉफ को शहरी क्षेत्र में गैर संचारी रोग नियंत्रण स्क्रीनिंग के लिये निर्देशित किया। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र राजनगर में उन्होंने वहां दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन किया तथा नर्सिंग अधिकारियों को आभा आईडी क्रियेशन एवं गैर संचारी रोगो को लेकर ट्रीटमेंट एवं फॉलोअप को लेकर विस्तार से निर्देश दिये। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सालोर में जर्जर क्वार्टर के डिस्मेंटल को लेकर चिकित्सा अधिकारी प्रभारी को प्रक्रीया के बारे में जानकारी देकर आवश्यक कार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया तथा चिकित्सा संस्थान में आवश्यक दवाईयो की उपलब्धताए गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम, लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत पेंडेंसी को लेकर विस्तार से समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन उठारडा में संचालित पीएचसी का निरीक्षण कर उन्होंने गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम एवं क्षय रोग उन्मुलन कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने उपलब्ध दवाईयों के समुचित उपयोग एवं अनउपयोगी दवाईयां जिनका उपयोग अन्य नजदीकी संस्थानों पर हो सके उनको आवश्यक कार्यवाही कर भिजवाने के लिये निर्देशित किया। उठारडा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के नवीन भवन का अवलोकन किया तथा सिविल विंग के एईएन से उन्होंने बिजली का कार्य पूरा करवा भवन हस्तांतरण कार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया। कोठारीया में जांच प्रयोगशाला निरीक्षण के दौरान जांच कार्य में गुणवत्ता के लिये लेब टेक्नीशीयन को हेण्ड्स ऑन ट्रेनिंग के लिये नाथद्वारा जिला चिकित्सालय में भिजवाने के लिये निर्देशित किया तथा चिकित्सा अधिकारी प्रभारी को नवीन सामुदायिक भवन निर्माण के लिये भुमि निर्धारण सुनिश्चित कर अग्रीम कार्यवाही के लिये निर्देशित किया।

चिकित्सा संस्थानो के औचक निरीक्षण करते सीएमएचओ।

श्रमिक की अकाल मौत

उदयपुर,(कासं)। हिरणमगरी थाना क्षेत्र में श्रमिक की अकाल मौत हो गई।जानकारी के अनुसार हिरणमगरी थाना क्षेत्र जडाव नर्सरी के समीप बस में सवार लोहता धामरिया बनारस युपी निवासी अब्दुल गनी (50) बशीर की मौत हो गई। अब्दुल गनी गुजरात में रंगाई पुताई का काम करता था।

प्रारूप-10 (नियम-6(7) देखिए)

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगरपरिषद राजसमन्द

सं. 9154 **लोक सूचना** दिनांक: 5.02.26

श्री गंगाराम पिता श्री हेमा सालवी, श्री भंवरलाल पिता हेमा सालवी, श्री मदनलाल पिता श्री हरीराम सालवी निवासी गुरूराम दास कॉलोनी टेकरी रोड़ उदयपुर तहसील व जिला राजसमन्दइस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात् -

क्र. सं.	जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्र
1.	राजसमन्द	पीपरड़ा	963/3	रकबा 0.0243 हैक्टेयर
			964/3	रकबा 0.0728 हैक्टेयर
			964/4	रकबा 0.0647 हैक्टेयर
			965/3	रकबा 0.4371 हैक्टेयर
			968/1	रकबा 0.0971 हैक्टेयर
			969/1	रकबा 0.0647 हैक्टेयर
			970/1	रकबा 0.1781 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 5.2.26 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगरपरिषद, राजसमन्द

एस.के.फाइनेंस लिमिटेड
(CIN : U65923RJ1994PLC009051)
पंजीकृत कार्यालय: जी 1-2, न्यू मार्केट, खाना कोठी सर्किल, जयपुर- 302001 टोल फ्री: 1800 1039 039
ई-मेल: info@skfin.in

शाखा कार्यालय बंद करने हेतु सार्वजनिक सूचना

सर्वसूचित किया जाता है कि कम्पनी प्रबंधक के निर्णयानुसार हम अपनी उक्त **झाड़ोल शाखा** - दुकान नं.-3, सियाराम कॉम्प्लेक्स, ग्राउण्ड फ्लोर, पुराने पेट्रोल पंप के पास, गांव-झाड़ोल, तहसील-झाड़ोल, जिला-उदयपुर-313702 (राजस्थान) को 6 मई 2026 की प्रभावी तिथि से बंद कर रहे हैं:-
अतः हम अपने सभी ग्राहकों से अनुरोध करते है कि भविष्य में हमारी किसी भी तरह की लोन सुविधाओं के लिए हमारी अन्य शाखा कार्यालय **गोगुन्दा शाखा** - ग्राउण्ड फ्लोर, खसरा नं. 6488, दुकान नं. 1103, बाईपास प्रताप सर्किल, फिनकेयर बैंक के पास, गांव व तहसील गोगुंदा, जिला उदयपुर-313705 (राजस्थान) के पते पर संपर्क करें।

राजस्थान सरकार
कार्यालय खनि अभियन्ता खान एवं भूविज्ञान विभाग आमेट जिला राजसमंद (राज)
खनिज भवन, आगरिया रोड आई.टी.आई. के पास, आमेट
दूरभाष नम्बर 02908-25160
ई-मेल आई डी me.amet@rajasthan.gov.in

आम सूचना नोटिस

खनन पट्टा संख्या 29/2005 निकट ग्राम मालकमालिया तहसील देवगढ़ जिला राजसमंद (राज.) वास्ते खनिज ग्रेनाईट क्षैत्रफल 3.00 हैक्टर श्रीमति परमादेवी चौधरी पत्नि श्री हरिराम के पक्ष में अवधि दिनांक 02.12.2006 से 01.12.2056 तक की अवधि के लिये स्वीकृत होकर प्रभावशील है। चूंकि खनन पट्टाधारी श्रीमति परमादेवी चौधरी की मृत्यु दिनांक 14.01.2026 को हो जाने से उक्त खनन पट्टे का नामान्तरण उनके पुत्रो श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री स्व. श्री हरीराम निवासी जसवन्तपुरा गच्छीपुरा तहसील मकराना जिला नागौर व श्री सुरेन्द्र कुमार चौधरी पुत्र श्री स्व. श्री हरीराम निवासी एफ-1, रीको इंडस्ट्रियल एरिया थर्ड फेस जालौर (राज.) अपने नाम कराने हेतु कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। इस संबध में किसी व्यक्ति को आपत्ति/परेशानी हो तो 15 दिवस में उपर अंकित पत्ते पर लिखित में आपत्ति दर्ज करावे।

आज्ञा से
खनि अभियन्ता आमेट

कार्यालय नगर परिषद, राजसमंद
जिला-राजसमंद
क्रमांक : नपरा/राजस्व/2025-26/4457 दि. 5.02.2026

-: आपत्ति सूचना पत्र :-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है श्री बाबुलाल पिता श्री मगनलाल जी निवासी देवड़ा कांकरोली तहसील व जिला राजसमन्द द्वारा ऑनलाईन क्रमांक 83565 से पैतृक/खरीदशुदा से प्राप्तशुदा आवासीय/ वाणिज्यिक पट्टेशुदा भूखण्ड/मकान जो राजस्व ग्राम-कांकरोली, के आराजी नं. 51, 52 पट्टा सं. 3/89 दिनांक 28.02.1989 का क्षैत्रफल 11520.00 वर्गफीट का पटटा जारी किया गया। आवेदक द्वारा क्रय शुदा/प्राप्त शुदा उक्त भूखण्ड सं. 05 का क्षैत्रफल 200.00 वर्गफीट का उपविभाजन/एकीकरण/नामातरण चाही गयी है। जिसके पड़ौस निम्नानुसार है :-

पूर्व	10'0''	पड़ौस	रास्ता 20 फीट चौड़ा
पश्चिम	10'0''	पड़ौस	गली
उत्तर	20'0''	पड़ौस	प्लॉट संख्या 06
दक्षिण	20'0''	पड़ौस	प्लॉट संख्या 04

उपरोक्त आवेदित भूखण्ड/भवन का उपविभाजन/एकीकरण/नामान्तरण जारी करने में यदि किसी हितधारी को कोई आपत्ति हो, तो आपत्ति सूचना प्रकाशित होने के 07 दिवस में अपनी आपति लिखित में मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। बाद मयाद कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

आयुक्त
नगर परिषद, राजसमंद

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)
क्रमांक : F.11( )Region-I/2026/1368 Date: 03/02/26

आम सूचना

राजस्व ग्राम देवाली (शोभागपुरा) के खसरा नम्बर 1746, 1747, 1749 से 1754, 1757 से 1759, 1761, 1764, 1765, 1768, 1796, 1800 से 1812 के स्वीकृत ले-आउट प्लान में स्थित भूखण्ड संख्या 57 क्षेत्रफल 2225'-00'' वर्गफीट के नियमन हेतु श्रीमती रेहाना पत्नी श्री जाकिर हुसैन बोहरा निवासी- खारोल कॉलोनी, फतेहपुरा, उदयपुर (राज.) द्वारा आवेदन पत्र के साथ 90-क आदेश जमाबंदी, पंजीकृत विक्रय पत्र, क्षतिपूर्ति बंध-पत्र, शपथ-पत्र आदि प्रस्तुत कर आवंटन/पट्टा चाहा गया हैं। प्राप्त मौका रिपोर्ट के अनुसार आवेदित भूखण्ड पर भवन निर्मित हैं।
अतः उक्त अनुमोदित प्लान मे स्थित भूखण्ड संख्या 57 क्षेत्रफल 2225'-00'' वर्गफीट का पट्टा श्रीमती रेहाना पत्नी श्री जाकिर हुसैन बोहरा निवासी- खारोल कॉलोनी, फतेहपुरा, उदयपुर (राज.) के नाम करने के संबंध मे किसी को कोई आपत्ति / ऐतराज हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मियाद गुजरने नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही अमल में लायी जावेगी।

(जगदीश सिंह आशिया) उपायुक्त
उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

क्षेत्रीय कृषि मेला कल से

उदयपुर, (कासं)। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर, भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रायोजित क्षेत्रीय 'कृषि मेला-2026' 7 से 09 फरवरी, को आयोजित होगा। यह मेला पश्चिमी क्षेत्रों के राज्यों-राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, दादर एवं नागर हवेली, दमन एवं दीव के कृषकों के लिये आयोजित किया जा रहा है। क्षेत्रीय कृषि मेले का मुख्य विषय 'कृषि उद्यमिता-कृषक आर्थिक सशक्तिकरण आजीविका सुरक्षा' रखा गया है। इस तीन दिवसीय कृषि मेले में किसानों के लिये अनेकों प्रदर्शनियां, सजीव प्रदर्शन इकाईयां, कृषक वैज्ञानिक संवाद, कृषक भ्रमण, वैज्ञानिक प्रक्षेत्रों का अवलोकन, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि गतिविधियां आयोजित की जाऐंगी।

विश्वविद्यालय कुलगुरू ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मेला 07-09 फरवरी,को राजस्थान कृषि महाविद्यालय, उदयपुर के खेल मैदान में प्रातः 10 बजे से सायं 8 बजे तक आयोजित होगा

कैंसर जागरूकता व स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन

- बीएमआई और ब्लड प्रेशर की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की

उदयपुर, (कासं)। विश्व कैंसर दिवस पर, हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के सीएसआर विभाग के सहयोग से ममता एचआईएमसी द्वारा संचालित मोबाइल हेल्थ वैन प्रोजेक्ट के तहत राजस्थान एवं उत्तराखंड के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष कैंसर जागरूकता और स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन किया गया। यह अभियान मुख्य रूप से पांच प्रमुख स्थानों उदयपुर के जावर, राजसमंद के दरीबा, चित्तौड़गढ़, के चंदेरिया,भीलवाड़ा के आगुचा एवं उत्तराखंड के पंतनगर ऊधम सिंह नगर में आयोजित किये।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना, बीमारी के शुरुआती लक्षणों की पहचान करना और समय पर इलाज के महत्व को समझाना था। विशेष रूप से महिलाओं और तंबाकू का सेवन करने वाले लोगों को मुंह, ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर के खतरों के प्रति जागरूक किया गया।

जागरूकता अभियान के दौरान इंटरएक्टिव सत्रों में मोबाइल हेल्थ वैन के डॉक्टरों और नर्सों ने स्थानीय भाषा में लोगों को कैंसर के कारणों और बचाव के तरीकों के बारे में बताया। मौके पर ही लोगों की मौखिक, बीएमआई और ब्लड प्रेशर की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई।

जिन व्यक्तियों में कैंसर के लक्षण या जोखिम कारक पाए गए, उन्हें आगे के इलाज और सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान समाज में कैंसर से जुड़ी गलत धारणाओं और डर को भ्रांतियों की जानकारी से दूर करने का प्रयास किया। इन सत्रों के माध्यम से सैकड़ों ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। लोगों ने न केवल कैंसर स्क्रीनिंग के महत्व को समझा, बल्कि तंबाकू छोड़ने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का भी संकल्प लिया।

पिम्स उमरड़ा में मिंत्रा ग्लैमफेस्ट प्री-जेनेसिस 2026 का आयोजन

उदयपुर, (कासं)। पिम्स मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, साईं तिरुपति यूनिवर्सिटी, उमरडा में आयोजित मिंत्रा ग्लैमफेस्ट प्री-जेनेसिस 2026 ने युवाओं के जोश, फैशन और संगीत का ऐसा संगम प्रस्तुत किया, जिसने हर मौजूद दर्शक को मंत्रमुग्ध कर दिया। मिंत्रा (ऑनलाइन फैशन ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म) के साथ आयोजित इस आयोजन में कॉलेज से जुडे लगभग 4500 विद्यार्थियों की भारी उपस्थिति देखने को मिली, जिससे पूरा कैंपस उत्सवमय माहौल में डूबा रहा।

कार्यक्रम की शानदार शुरुआत राजस्थानी लोक अंदाज में पधारो म्हारे देश की मधुर प्रस्तुति से हुई, जिसने कैम्पस को पूरी तरह राजस्थानी रंग में रंग दिया। लोक संगीत को बढावा देते हुए कलाकारों ने सांस्कृतिक विरासत की खूबसूरत झलक पेश की। इसके पश्चात मंच संभाला प्रसिद्ध कवि एवं शायर रंगमल जैन ने, जिनकी ओजपूर्ण और भावनात्मक शायरी ने श्रोताओं का दिल जीत लिया। इसके बाद फैशन वॉक ने पूरे आयोजन को एक नया आयाम दिया।

पिम्स से जुडे स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों ने अलग-अलग थीम और आकर्षक परिधानों में रैंप वॉक किया। खास बात यह रही कि इन परिधानों को छात्रों ने स्वयं डिजाइन किया था, जिससे उनकी रचनात्मकता और फैशन सेंस को भरपूर सराहना मिली। शाम का सबसे बडा आकर्षण रहे विश्वविख्यात सिंगर और डीजे ऋत्विज, जिनकी एनर्जेटिक परफॉर्मेंस पर युवा झूम उठे।

मिंत्रा ग्लैमफेस्ट प्री-जेनेसिस 2026 का आयोजन हुआ।

सुपर स्पेशलिटी की सुविधाएं शुरू नहीं होने से मरीज परेशान

डूंगरपुर। मेडिकल कॉलेज खुलने के बाद सुपर स्पेशलिटी की सुविधाएं देने की सरकार घोषणाएं कर रही है। लेकिन डॉक्टरों की कमी से ये सुविधाएं आज तक शुरू ही नहीं हो सकी है। डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 4 सुपर स्पेशलिटी की सुविधाएं सालभर पहले शुरू करनी थी। डॉक्टरों के नहीं होने से मरीजों को गुजरात ओर उदयपुर ही जाना पड रहा है।

डूंगरपुर में 8 साल पहले मेडिकल कॉलेज खुलने के बाद से सुविधाएं बढ़ी है। सरकार ने डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज के श्रीहरिदेव जोशी जिला अस्पताल में सुपर स्पेशलिटी के लिए न्यूरोलॉजी, गेस्ट्रोलॉजी, नेफ्रोलॉजी ओर कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट की मंजूरी दे दी। चारो विभागों में स्पेशलिस्ट डॉक्टरों के पद भी स्वीकृत कर दिए है। राजमेश के माध्यम से पदों को भरने के लिए डॉक्टरों के इंटरव्यू कॉल लिए, लेकिन चारों विभागों में एक भी सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर नहीं आया। ऐसे ही हाल डूंगरपुर समेत प्रदेश के 7 मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशलिस्ट डिपार्टमेंट के है। जिनमें डॉक्टर नहीं मिलने से सुपर स्पेशलिटी की सुविधा शुरू नहीं हो सकी है।

कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

उदयपुर, (कासं)। वेंकेटेश्वर कॉलेज ऑफ नर्सिंग उमरडा (यूनिट ऑफ एस.टी.यू.) के बी.एस.सी. नर्सिंग चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रो द्वारा "विश्व कैंसर दिवस" के उपलक्ष्य में एक किया गया। इस वर्ष यह आयोजन यूनाइटेड बाय यूनिक थीम पर आधारित रहा।

यह कार्यक्रम सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अंबुजा में सम्पन्न हुआ। नर्सिंग के छात्रों ने एक प्रभावशाली लघु नाटिका के माध्यम से कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाई। यह सफल आयोजन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विजय सिंह रावत, प्रोफेसर डॉ. अर्चना खेमनार, प्रकाश सालवी, मिस महेश्वरी पटेल, आदित्य कांत शर्मा, मिस नीरज कंवर तथा जितेन्द्र कुमार की देखरेख में किया गया।

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)
क्रमांक: F.7(12)PLAN/LANDUSE/2024/269 **आम सूचना** दिनांक : 05/02/2024

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा गुलाब कोठारी बनाम राजस्थान सरकार एवं अन्य सिविल रिट संख्या 1554/2004 में माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर के द्वारा पारित निर्णय के क्रम में सरकार के विभागीय आदेश दिनांक 20-07-2017 के अनुसार एवं राज्य सरकार के द्वारा समय-समय पर वृहद / व्यापक जनहित के दृष्टिगत मास्टर प्लान में भू-उपयोग परिवर्तन अनुज्ञये किये जाने के संबंध में प्रदत्त आदेशों/परिपत्रों की अनुपालना मे निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है:-

क्र. सं.	आवेदक का नाम	राजस्व ग्राम/ योजना	खसरा संख्या / ब्लॉक संख्या	भूखण्ड संख्या	क्षेत्रफल	भूखण्ड / भूमि की स्थिति	भू-उपयोग परिवर्तन
1	श्री भोपालसिंह सिसोदिया पिता श्री दौलत सिंह सिसोदिया एवं श्री दिपक सिसोदिया पिता श्री भोपालसिंह सिसोदिया	न्यास की श्याम नगर भुवाणा योजना	ब्लॉक-बी	10	3486.30 वर्गफीट	भुवाणा चौराहे से प्रतापनगर चौराहे को जाने वाली 200 फीट सड़क पर स्थित है।	आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो न्यास कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

आयुक्त, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)
क्रमांक: F.7(12)PLAN/LANDUSE/2024/270 **आम सूचना** दिनांक : 05/02/2024

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा गुलाब कोठारी बनाम राजस्थान सरकार एवं अन्य सिविल रिट संख्या 1554/2004 में माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर के द्वारा पारित निर्णय के क्रम में सरकार के विभागीय आदेश दिनांक 20-07-2017 के अनुसार एवं राज्य सरकार के द्वारा समय-समय पर वृहद / व्यापक जनहित के दृष्टिगत मास्टर प्लान में भू-उपयोग परिवर्तन अनुज्ञये किये जाने के संबंध में प्रदत्त आदेशों/परिपत्रों की अनुपालना मे निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है:-

क्र. सं.	आवेदक का नाम	राजस्व ग्राम/ योजना	खसरा संख्या / ब्लॉक संख्या	भूखण्ड संख्या	क्षेत्रफल	भूखण्ड / भूमि की स्थिति	भू-उपयोग परिवर्तन
1	श्रीमती सुशीला मेहता पत्नी श्री पुरणमल मेहता एवं श्री रूपेश पिता श्री पुरणमल मेहता	न्यास की श्याम नगर भुवाणा योजना	ब्लॉक-बी	460	3486.25 वर्गफीट	श्याम नगर योजना में मीरा मेटपाद भवन के सामने स्थित 80 फीट सड़क पर स्थित है।	आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो न्यास कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

आयुक्त, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

शांति भंग में बस चालक गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)।भूपालपुरा थाना पुलिस ने सिटी बस चालक के खिलाफ स्कूटी सवार को कट मारने एवं उसके मारपीट करने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस ने चालक को शांति भंग करने के आरोपी में गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार विजयोलिया भीलवाड़ा हॉल न्यू अशोक नगर निवासी मनीष पुत्र चौथमल नलवाया ने सिटी बस चालक पई नाई निवासी ललित पुत्र रमेश कटारा के खिलाफ टक्कर मारने एवं एतराज करने पर सरिये से हमला करने का प्रकरण भुपालपुरा पुलिस थाने में दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 4 फरवरी को सांय सूरजपोल से ठोकर चोराहा रोड़ पर मैं स्कूटी लेकर जा रहा था। इस दौरान अरोपी सिटी बस लेकर जा रहा था। जहां बीच रास्ते में उसने गाडी से मुझे कट मारने पर पीछा कर रोक कर एतराज किया तो आरोपी ने सरिये से मारपीट की। अनुसंधान अधिकारी भगवतीलाल एएसआई ने आरोपी चालक को शांति भंग करने के आरोपी में गिरफ्तार कर पाबंद करवाया जांच शुरू की।

स्वर्ण, रजत, कांस्य पदकों के लिए मुकाबले आज

उदयपुर, (कासं)। विद्या प्रचारिणी सभा भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय की मेजबानी में पहली बार हो रहे चार दिवसीय वेस्ट जोन इंटर युनिवर्सिटी बास्केटबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन की प्रतियोगिता का शुभारंभ कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, मंत्री डॉ. महेन्द्र सिंह आगरिया, प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह रूपाखेडी ने खिलाडियों का परिचय प्राप्त कर किया। गुरूवार को सेमीफाईनल के लिए कड़े मुकाबले हुए विजेता टीम के बीच शुक्रवार लिक मैंचे खेले जा कर स्वर्ण, रजत, कास्य पदकों के लिए कडे मुकाबले होंगे। चार दिवसीय टुर्नामेंट का समापन शनिवार को संस्थान के महाराणा प्रताप खेल मैदान पर होगा।

आयोजन सचिव डॉ. हितेश चन्द्र रावल ने बताया कि मैच बीएन विवि के इंडोर एवं एमबी कॉलेज के अटल बिहारी वाजपेयी इनडोर स्टेडियम में देर रात तक मैंच कराये जा रहे है टीमे अधिक होने के कारण समापन शनिवार को आयोजि किया जायेगा। गोवा विवि ने एम. आई. टी. विवि पुणे को 4, युनिवर्सिटी ऑफ मुंबई ने पारुल विवि को 18, सरदार पटेल विवि ने के. ऐस. विवि को 24, और विवेकानंद ग्लोबल विवि ने करनावती विवि को 14 से, राज ऋषि भरतहरि विवि ने एस.आर.टी.एम. विविनांदेड को 11, एलएन आईपीइ ग्वालियर ने महाराज सयाजीराव विवि को 34, सौम्या विद्या विहार विवि ने अहमदाबाद विवि को 27 और यूनिवर्सिटी आफ राजस्थान ने गुजरात विद्यापीठ को 39, बिट्स पिलानी विवि ने जीवाजी विवि ग्वालियर को 12, जय नारायण व्यास विवि ने शिवाजी विवि को 9, संजीव अग्रवाल ग्लोबल एजुकेशनल विवि ने महर्षि दयानंद सरस्वती विवि अजमेर को 17, महाराजा गंगा सिंह विवि बीकानेर ने ए. पी. ऐश. विवि को 32 से परास्त कर सेमीफाईनल में अपनी जगह सुरक्षित की।

राजस्थान विद्यापीठ व कडी सर्व विवि गुजरात के बीच हुआ एमओयू

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय एवं कडी सर्व विश्वविद्यालय गुजरात के बीच गुरूवार को एमओयू हुआ। संयुक्त एमओयू पर विद्यापीठ की ओर से कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत के सानिध्य में रजिस्ट्रार डॉ. तरूण श्रीमाली, प्रो. सरोज गर्ग सर्व विश्वविद्यालय की ओर से डीन प्रो. वीणा पटेल, प्रो. भाविक शाह ने हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर प्रो. सारंगदेवोत ने कहा भारतीय संस्कृति, परम्परा एवं सभ्यता हर प्रदेश की अद्भुत है एमओयू के माध्यम से एक दूसरे की संस्कृति को जानने का अवसर मिलेगा। शिक्षक को शिक्षा का मजबूत स्तम्भ बताते हुए कहा कि संस्कृति की जड़ों की ओर लौट कर ही भारत विश्व गुरू बन सकता है। हमें शोध एवं नवाचार पर अधिक जोर देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शिक्षा की वर्तमान चुनौतियों में शिक्षक को निरंतर समय के साथ अपडेट रहते हुए तकनीक साथ शिक्षा देने की जरूरत है साथ ही विधार्थियों के सर्वांगीण विकास में अध्यापक की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। शिक्षक को शिक्षा के साथ छात्रो में मुल्यपरक शिक्षा देते हुए छात्रों को समाज से जोड़ने की जरूरत है। तकनीक के युग में कट पेस्ट का समय चला गया, आज हर विधार्थी गुगल पर अपडेट है - ऐसे में शिक्षक एवं विधार्थी दोनों को अपडेट रहने की जरूरत है। शिक्षकों को कौशल विकास के साथ विधार्थी को ऐसी शिक्षा देनी होगी जिससे महाविद्यालयी शिक्षा पूरी करने के पर आत्म निर्भर बन सके। निजी सचिव कृष्णकांत कुमावत ने बताया कि एमओयू के तहत दोनों संस्थानों के बीच वर्ष में एक राष्ट्रीय संगोष्ठी करने, एक सप्ताह से लेकर एक माह तक का फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम, शौधार्थियों का आदान प्रदान, कौशल विकास के साझा प्रोग्राम पर सहमति बनी। इस अवसर पर प्रो. बलिदान जैन, प्रो. अमी राठौड़, प्रो. सुनिता मुर्डिया, प्रो. भूरालाल श्रीमाली सहित संकाय सदस्य उपस्थित थे।

राजस्थान विद्यापीठ व कडी सर्व विवि गुजरात के बीच एमओयू हुआ।

कार्यालय ग्राम पंचायत पीपलबारा पंचायत समिति फलासिया, जिला उदयपुर (राज.)

क्रमांक:-ग्रा.पं./2025-26/SPL दिनांक: 31.01.2026

-: ई निविदा सुचना- 01/2025-26 :-

ग्राम पंचायत पीपलबारा मेंFFC योजनान्तर्गत स्वीकृत निर्माण कार्य के निष्पादन हेतु ऑनलाईन निविदाऐं दिनांक 31.01.2026 से दिनांक 06.02.2026 समय साय 06.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/जानकारीsppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No ZUD2526WSOB04335
UBN No ZUD2526WSOB04336
UBN No ZUD2526WSOB04340

प्रशासक ग्राम पंचायत पीपलबारा पं.स. फलासिया जि. उदयपुर राज.
ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत पीपलबारा पं.स. फलासिया जि. उदयपुर राज.

कार्यालय विकास अधिकारी, पंचायत समिति गिर्वा, जिला-उदयपुर

क्रमांक:-प.स.गिर्वा/निविदा/2025-26/2604 दिनांक: 4.02.2026

-: खुली निविदा सूचना- 16/2025-26 :-

कार्यालय पंचायत समिति गिर्वा अन्तर्गत पंचायत समिति गिर्वा स्टोर हेतु टिन शेड निर्माण कार्य करवाये जाने हेतु खुली बोली निविदाएं आमंत्रित कि जाती है अतः उक्त कार्य हेतु निर्माण विभाग में सक्षम श्रैणी अन्तर्गत पंजीकृत इच्छुक संवेदको/फर्मो से कार्यालय पर खुली बोली निविदाएं दिनांक :- 11.02.2026 को दोपहर :- 12.00 बजे तक बन्द लिफाफे में आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/जानकारी sppp.rajasthan.gov.